# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

E-mail – deanshahdol@gmail.com, Website - WWW.GMCSHAHDOL.ORG, Office No. :- 07652-243000

क्रमांक/...408.../स्था./एम.सी./2020 शहडोल, दिनांक 19./4./2020

## विज्ञप्ति

कोविड–19 महामारी की रोकथाम हेतु आवश्यक मानव संसाधन – स्टाफ नर्स/ पैरामेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति अस्थायी रूप से तीन माह की अवधि के लिये शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल से संबंद्ध 500 अस्पताल में कार्य करने हेतु की जानी है। जिसकी पूर्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 23.04.2020 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | पदनाम | पद संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्टाफ नर्स | 40 |
| 2 | फार्मासिस्ट | 02 |
| 3 | रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन | 01 |
| 4 | ई.सी.जी. टेक्नीशियन | 01 |
| 5 | लैब टेक्नीशियन | 08 |

*** पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।**

1. यह सेवायें पूर्ण रूप से अस्थाई होंगी एवं आकस्मिक सेवाओं के रूप में ली जा रही हैं।, अतः इन सेवाओं को नियमित अथवा संविदा सेवा के लिए किसी भी दशा में मान्य नहीं किया जावेगा।
2. उपरोक्त नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत महामारी से बचाव हेतु की जा रही है। जिसकी अवधि कुल 03 माह की होगी जो कि आवश्यकता अनुसार बढ़ाई भी जा सकती है।
3. आवेदन पत्र बंद लिफाफा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुदरी रोड, चांपा, शहडोल (म.प्र.), पिन – 484001 के नाम व्यक्तिगत रूप से अथवा ई. मेल deanshahdol@gmail.com पर एकजाई दस्तावेज स्कैन कर दिनांक 23.04.2020 सायं 05 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। ई-मेल से भेजे गए आवेदन भी मान्य होंगे एवं आवेदन पत्र में पद का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि/समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
4. लॉक डाउन की स्थिति को देखते हुए दिनांक 23.04.2020 सायं 05 बजे तक प्राप्त आवेदनों में कार्यानुभव एवं योग्यता के आधार पर वरीयता सूची (Merit List) तैयार कर चयन प्रक्रिया की जावेगी।
5. चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
6. चयनित अभ्यार्थियों को मासिक मानदेय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के मापदंण्डों के आधार पर देय होगा।
7. अधिक जानकारी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल के वेबसाइट www.gmcshahdol.org पर उपलब्ध है। कृपया समय-समय पर उसका अवलोकन करें।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**शहडोल (म.प्र.)**

Scanned with CamScanner

# पद का नाम, संख्या, शैक्षणिक योग्यता, एवं वांछनीय अर्हतायें संबंधी विवरण

| स.क. | पद संख्या | पदनाम | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | 40 | स्टाफ नर्स | 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्धति से 12वीं परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।<br>3. नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त।<br>4. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीकृत परिचारिका। |
| 2 | 02 | फार्मासिस्ट | 1. बायोकेमेस्ट्री, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. औषध निर्माण (फार्मेसी) से डिप्लोमा अथवा औषध निर्माण (फार्मेसी) में बी-फार्मा अथवा औषध निर्माण (फार्मेसी) में एम. फार्मा।<br>3. म0प्र0 फार्मेसी काउंसिल से भेषजज्ञ (फार्मासिस्ट) का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र |
| 3 | 01 | रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन | 1. बायोकेमेस्ट्री, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।<br>4. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में कार्य के अनुभव को प्राथमिकता |
| 4 | 01 | ई.सी.जी. टेक्नीशियन | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में प्रमाण-पत्र।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।<br>4. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में कार्य के अनुभव को प्राथमिकता। |
| 5 | 08 | लैब टेक्नीशियन | 1. बायोलॉजी, केमेस्ट्री तथा फिजिक्स, में 10+2 प्रणाली में उपरोक्त विषयों सहित 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. पैथालॉजी का 02 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम (डीएमएलटी) अथवा पैथालॉजी का डिग्री पाठ्यक्रम (बीएमएलटी) अथवा पैथालॉजी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एमएमएलटी)।<br>3. मध्यप्रदेश सह चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।<br>4. 500 बिस्तरीय या उससे अधिक के चिकित्सालय में कार्य के अनुभव को प्राथमिकता। |

**निरर्हतायें :-**

- विकृत्त चित्त वाला होने पर।
- दुश्चरित्र होने पर।
- शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

Scanned with CamScanner

- नियुक्ति के लिए प्रयास/अनुशंसा-किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिए से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिए अनर्हकारी माना जायेगा।
- विवाह संबंधी : जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिए 21 वर्ष एंव महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा, उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।
- जिस आवेदक की 02 से अधिक संतान हो एवं जिसमें से तीसरी संतान का जन्म दिनांक 26.01.2001 को या उससे पश्चात हुआ हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। (दो या दो से कम संतान वाले आवेदक शपथ-पत्र प्रस्तुत करें।)
- कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
- कदाचरण संबंधी- किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिए परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
- ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।
- **स्वास्थ्य संबंधी** – मानसिक रूप से स्वस्थ्य न होने पर किसी उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्त नहीं किया जावेगा जब तक की वह राज्य शासन के ऐसे चिकित्सा अधिकारी जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्यि परीक्षण पश्चात अच्छी तरह से शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य पाया जाए, तथा वह ऐसा प्रमाण-पत्र जारी करें।

**महत्वपूर्ण टीप** :- यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तें पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाए जाने पर अथवा उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**शहडोल (म.प्र.)**

Scanned with CamScanner

**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.) में कोविड-19 महामारी की रोकथाम हेतु 03 माह के लिये अस्थायी पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साइज
नवीनतम सत्यापित
फोटो

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................................................

2. आवेदक का पूरा नाम (उपनाम सहित) ...........................................................

3. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित) ................................................................

4. जन्म तिथि (हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा की अंकसूची अनुसार) विज्ञापन जारी होने के दिनांक को आवेदक की आयु दिन............. माह............. वर्ष.............

5. वर्ग- सामान्य/अनु.जाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग.........................................................
   (आरक्षित वर्ग के आवेदक को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा)।

6. घर/पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..........................................................................
   .......................................................................................................

7. आधार कार्ड नं. .......................................................................................

8. शैक्षिणक योग्यता (प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करना है)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था बोर्ड विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | विषय | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

9. प्रशिक्षण केन्द्र का नाम :- ..........................................................................

10. जीवित पंजीयन क्रंमाक एवं नाम.......................................................................

11. मोबाइल नं.................................................... दूरभाष ....................................

12. ई.मेल आई.डी. ...........................................................................................

## प्रमाण पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी मेरे द्वारा दी गयी वह पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

स्थान.......................

दिनांक......................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

Scanned with CamScanner

13. अन्य जानकारी यदि हो तो.........................................................................................................

.............................................................................................................................

## प्रमाण पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी मेरे द्वारा दी गयी वह पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर
एवं पूरा नाम

स्थान........................

दिनांक.......................

नोट :- समस्त अभिलेखों की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें।

संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-

1) .......................................................
2) .......................................................
3) .......................................................
4) .......................................................
5) .......................................................
6) .......................................................
7) .......................................................
8) .......................................................

Scanned with CamScanner